सरयू राय
सदस्य
झारखण्ड विधान सभा
सभापति
प्रत्यायुक्त विधान समिति

आवास :
• एफ. टाईप, आवास सं०-1, ए.जी. मोड़, डोरण्डा, राँची - 834002
मोबाईल नं० : 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक : 916/JSR/25 दिनांक : 06/12/2025

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

विषय : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आम बगान मैदान, साकची की स्थिति सुधारने के संबंध में।

महोदय,
साकची स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आम बगान मैदान में स्थापित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा को संरक्षित करने और प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण करने के लिए मेरी अनुशंसा पर विधायक निधि से कार्य हो रहा है। कार्य का अवलोकन करने के लिए आज मैं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आम बगान मैदान में गया तो मुझे दुखद आश्चर्य हुआ कि यह मैदान पूरी तरह से कार और बसों का और अवैध पार्किंग तथा अवैध गैरेज का अड्डा बन गया है। मैदान में घुमन्तु किस्म के लोगों ने भी प्लास्टिक का झोपड़ीनुमा घर बनाकर रहना शुरू कर दिया है। मैदान के अंदर अस्थायी दुकानें बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। मैदान के एक कोने में कश्मीरी उलैन मेला लगा हुआ है। कुल मिलाकर यह मैदान अवैध गतिविधियों का अड्डा बन गया है।

2014 से 2019 तक मैं जमशेदपुर पश्चिम क्षेत्र का विधायक था तो उस समय टाटा स्टील की इकाई जुस्को द्वारा मैदान की घेराबंदी और सौंदर्यीकरण का कार्य आरंभ किया था। यह कार्य किसी कारणवश पूरा नहीं हो सका। उस समय बंगाल क्लब, नेताजी सुभाष परिषद् एवं अन्य संगठनों की मांग पर इस मैदान का नाम नेताजी सुभाष चेन्द्र बोस आम बगान मैदान रखने की पहल हुई थी। मैदान में जमशेदपुर पश्चिम के पूर्व विधायक स्वर्गीय मृगेन्द्र प्रताप सिंह के विधायक निधि से नेताजी की एक छोटी सी प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके ऊपर छतरी लगाने और घेराबंदी करने का काम विधायक निधि से मेरी अनुशंसा पर हुई है। मैंने प्रतिमा स्थल के पास एक पट्ट लगाकर उसपर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की महान स्वतंत्रता अभियान का रूट चाट भी अंकित किया है। जिससे पता चलता है कि नेताजी ने किस तरह से अपने कोलकाता के घर से वेष बदलकर गोमो आए वहाँ से रेलयात्रा कर कई कठिनाइयों का सामना करते हुए जर्मनी गये वहाँ से पनडुब्बी से सिंगापुर पहुँचे और वहाँ से जपान जाकर अजाद हिंद फौज की स्थापना की।

यह मैदान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का स्मृति स्थान और स्वतंत्रता संग्राम की एक धरोहर है। इस मैदान को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के स्मृति स्थल के रूप में विकसित करने का पूर्व में दिया गया मेरा प्रस्ताव विचाराधीन है। इस मैदान का नामकरण

कृ.पृ.प.

Scanned with OKEN Scanner

विधिसम्मत तरीके से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आम बगान मैदान करने, मैदान की घेराबंदी करने, इसका सौंदर्यीकरण करने तथा इसे सुरम्य स्थल के रूप में विकसित करने की कार्य योजना को अंतिम रूप देना आवश्यक प्रतीत हो रहा है। इस बारे में टाटा स्टील लिमिटेड के सहयोग की भी अपेक्षा है।

अनुरोध है कि जिला प्रशासन, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति तथा टाटा स्टील लिमिटेड के परस्पर सहयोग से इस मैदान का सौंदर्यीकरण करने तथा इसे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के स्मृति स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में आवश्यक कारवाई करेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीय

(सरयू राय)

Scanned with OKEN Scanner